an>

Title : Congratulations on winning Medals at Commonwealth Games, 2022

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यों, मुझे आप को सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि बरमिंघम में चल रहे राष्ट्रमण्डल खेल-2022 में भारत ने अब तक तीन स्वर्ण पदक, दो रजत पदक एवं एक कांस्य पदक जीता है ।

भारोत्तोलन प्रतियोगिता में सुश्री साइकोम मीराबाई चानू, श्री जेरेमी लाल-रि-नुंगा एवं श्री अंचिता शिवली ने स्वर्ण पदक जीता है, जबकि इसी प्रतियोगिता में श्री संकेत सरगर और सुश्री बिंदिया रानी देवी ने रजत पदक जीता तथा श्री गुरु राज पुजारी ने कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है ।

मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से पदक जीतने वाले हमारे सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देता हूँ और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी भारतीय खिलाड़ियों के लिए शुभकामनाएं देता हूँ ।

मुझे विश्वास है कि राष्ट्रमण्डल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन पूरे देश के युवाओं को, विशेष रूप से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा ।